# बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०
## Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.

**Register office:** वीरचन्द पटेल पथ / Beerchand Patel Path, पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / Phone : - +91-612-2222622 फैक्स नं० / Fax No: - 0612-2506218
**CIN**: U63040BR1980SGC001486, **web:** www.bstdc.bihar.gov.in, **E-mail:**contactbstdc@gmail.com

BSTDC


सं0सं0–02/42/वि0/स्था0/14–15/ पार्ट–2/2482/22 दिनांक 14.12.2022

## आवेदन आमंत्रण

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के अधीन संविदा के आधार पर मुख्य अभियंता (असैनिक) के पद पर नियोजन हेतु बिहार सरकार/ केन्द्र सरकार/ लोक उपक्रम (बिहार सरकार/ केन्द्र सरकार) के कार्यालय से सेवानिवृत्त इच्छुक मुख्य अभियंता से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

**संविदा पर चयन निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जायेगा:–**

1. चयन हेतु उम्मीदवार की अधिकतम उम्र सीमा 63 वर्ष होगी। चयन प्रथमतः एक वर्ष अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति होने तक के लिए होगा तथा संविदा पर रहने की अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष होगी, जो आवश्यकतानुसार एक–एक साल के लिए उनकी सेवा का विस्तार उनके कार्यों की समीक्षा के उपरान्त किया जा सकेगा।
2. सेवानिवृत्त और संविदा नियोजन के बीच वेतन/ पेंशन पुनरीक्षण हो जाने के स्थिति में भी निर्धारित मानदेय अपरिवर्तित रहेगा।
3. संविदा पर नियोजित मुख्य अभियंता का मासिक मानदेय उन्हें सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त होने वाले अन्तिम वेतन+ मँहगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि (वेतन+ मँहगाई भत्ता के योगफल की राशि) को घटाने के बाद की राशि अथवा अधिकतम 80,000/– (रू० अस्सी हजार) मासिक के आधार पर देय होगी।
4. नियोजन हेतु सरकारी सेवकों का चयन किये जाते समय उनके सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ्य होने के सम्बन्ध में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा।
5. नियोजित कर्मियों के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी, कार्य संतोषजनक नहीं होने पर संविदा नियोजन रद्द् की जा सकेगी।
6. नियोजन में निकट के वर्षो में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्राथमिकता सूची में ऊपर रखा जायेगा।
7. निम्नांकित कर्मियों की सेवाएं नहीं ली जायेगी :–
   (क) जिन पर कोई निगरानी का मामला चल रहा है।
   (ख) जिन पर कोई विभागीय कार्यवाही चल रही है।
   (ग) जिन पर कोई गंभीर आरोप विचाराधीन हो।
   (घ) जिन पर किसी भी तरह का कोई अपराधिक मामला दर्ज हो।
   (**नोट** :– क्रमांक ''**क**'' से ''**घ**'' तक के संबंध में शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा)
8. सेवानिवृत्त इच्छुक उम्मीदवार विहित प्रपत्र में दिनांक–**06.01.2023** के अपराह्न **03:00** बजे तक निगम के कार्यालय में अपना आवेदन निबंधित/हाथों–हाथ समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. आवेदन के साथ पी0पी0ओ0 (यदि निर्गत हो) अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र एवं सेवापुस्त की छायाप्रति संलग्न किया जाना होगा।
10. नियमानुसार आरक्षण नियमावली का पालन किया जायेगा।
11. प्राप्त आवेदनों की समीक्षा प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा की जायेगी।

ह0/–
विशेष कार्य पदाधिकारी
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

# <u>विहित प्रपत्र</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | ........................................ |
| 2 | पद का नाम | ........................................ |
| 3 | विभाग/कार्यालय का नाम (जहाँ से सेवानिवृत हुए हैं) | ........................................ |
| 4 | जन्म तिथि | ........................................ |
| 5 | सेवानिवृति की तिथि | ........................................ |
| 6 | अंतिम प्राप्त वेतन (यदि कोई हो) | ........................................ |
| | 1. वेतनमान | ........................................ |
| | 2. मूल वेतन | ........................................ |
| | 3. ग्रेड पे | ........................................ |
| 7 | सेवानिवृति को धारित पद एवं उक्त पद का कार्यानुभव | ........................................ |
| 8 | पेंशन स्वीकृति की स्थिति | ........................................ |
| | 1. पी॰पी॰ओ॰ न॰ | ........................................ |
| | 2. स्वीकृत | ........................................ |
| | 3. स्वीकृत नहीं | ........................................ |
| | 4. औपंबधिक स्वीकृत (सही का निशान लगावें तथा आदेश की प्रति संलग्न करें) | ........................................ |
| 9 | पेंशन की स्वीकृत राशि | ........................................ |
| | पेंशन+मंहगाई सहित आदि (कुल जोड़कर) | ........................................ |
| 10 | सेवानिवृति की तिथि या पूर्व में आरोप/विभागीय कार्यवाही की स्थिति | ........................................ |

11 आरक्षण कोटि

(1) अनुसूचित जाति (2) अनुसूचित जनजाति (3) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (4) पिछड़ा वर्ग (5) पिछड़ा वर्ग (महिला) (6) सामान्य (सही का निशान लागवे तथा जाति अंकित करे .......................)

12 आरोप के निष्पादन की स्थिति /अधिरोपित दण्ड का विवरण........................................

13 वर्तमान पता (मोबाइल नं0 के साथ) ........................................

14 स्थायी पता ........................................

15 घोषण पत्रः

एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण सही है। सूचना गलत पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदिवारी संविदा नियोजन रद्द किया जा सकता हैं।

**आवेदक का हस्ताक्षर**